तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सौंदर्यीकरण और पारदर्शिता





12 जुर्माने के चलते वाहन चालकों व मालिकों में मचा हडकंप




## खबर संक्षेप



### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम अछोला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रूपसिंग ग्राम अछोली ने बताया कि 17 सितंबर की शाम को वह अपने दोस्त ठंढु साहू के साथ अछोला शराब भट्ठी गया था। वहां प्रदीप निषाद एवं उसका भाई संजय निषाद आए और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में तीन के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम ठाकुरदिया खुर्द में एक व्यक्ति से मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दिनेश निषाद निवासी ग्राम माटीदरहा थाना सांकरा ने बताया कि वह पितर कार्यक्रम में शामिल होने ठाकुरदिया खुर्द चाचा अनंत राम निषाद के यहां 16 सितंबर को गया था।र रात करीब 11.30 बजे वह अपने चाचा के द्वारा मछलीपालन के लिए ठेका लिए हुए तालाब की ओर गया था। उसी समय गांव के शिवा जोशी, अंजोर जोशी एवं राहुल जोशी ने हमारे गांव में क्यों आये हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### जीएसटी में कटौती से व्यापारियों में खुशी



**महासमुंद।** जीएसटी के भाजपा जिला सदस्य पंकज चंद्राकर ने जीएसटी में की गई कटौती को व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इससे छोटे और बड़े व्यापारियों में खुशी की लहर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हो रहा है। 28 प्रतिशत वाले जीएसटी 18 प्रतिशत और 18 वाले जीएसटी को 5 प्रतिशत करने से रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होगी और मध्यमवर्गीय परिवार को बजट में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से सभी को लाभ मिलेगा।

### शासकीय स्कूलों में आज से तिमाही परीक्षा

**महासमुंद।** शासकीय स्कूलों में आज से तिमाही परिक्षाओं की शुरुआत होगी। जिसके लिए स्कूलों को प्रश्न-पत्र का वितरण कर दिया गया है। तिमाही परीक्षा अब तक पढ़ाए गए पाठयक्रम के अनुसार ही ली जाएगी। पहली से पांचवीं की परीक्षा 19 से 26 सितंबर तक होगी। यह सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी। छठवीं से आठवीं कक्षा की परीक्षा 19 सितंबर से 26 सितंबर तक होगी। जिसका समय 10:30 बजे से 1:30 बजे तक होगा। 9 वीं कक्षा और 11 वीं कक्षा की परीक्षा का समय 10:30 से एक बजे तक रखा गया है। वहीं 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा का समय 1:30 बजे से शाम चार बजे तक रखा गया है। तिमाही परीक्षा ढाई घंटे का होगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से 16 सितंबर को प्रश्न-पत्र वितरण किया गया। स्कूलों को प्रश्न-पत्रों की सॉफ्ट कॉपी भी उपलब्ध करा दी गई है। तिमाही परीक्षा में कमजोर छात्रों का चिह्नांकन किया जाएगा। 9 वीं और 10 वीं कक्षा की पहली परीक्षा हिंदी और 11 वीं और 12 वीं की पहली परीक्षा अंग्रेजी विषय की होगी।

# बढ़ रही ई-वाहनों की संख्या, शहर में नहीं है चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सभी क्षेत्रों में ई-वाहनों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके लिए चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था एक भी नहीं होना गंभीर समस्या है। इन दिनों शहर सहित जिले भर में हरे रंग की नंबर प्लेट वाले ई-वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन, इनके फ्यूल स्टेशन या चार्जिंग प्वाईंट नहीं हैं। बता दें कि इन वाहनों के प्रदूषण रहित होने के कारण शासन-प्रशासन द्वारा बढ़ावा भी दिया जा रहा है, लेकिन, सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिला मुख्यालय में केवल एक भी चार्जिंग स्टेशन नहीं है। शहर में महिलाएं भी ई-रिक्शा चलाकर परिवार का सहारा बनी हुई हैं। वहीं महिलाओं के पास ई-स्कूटर है लेकिन, चार्जिंग की सुविधा न होना परेशानी का विषय है। शहर में चार्जिंग स्टेशन बनने से बड़ी राहत मिलेगी। वहीं नगर पालिका के कचरे उठाने वाले लगभग गाड़ी ई-वाहन है जो दिनभर शहर के घरों एवं दुकानों से कचरा उठाने के काम में लाया जा रहा है लेकिन चार्जिंग स्टेशन की कमी होने के कारण अधिकतर वाहन पालिका में ही चार्जिंग किये जाते है या घरों में करना पड़ता है। स्थानीय तुमगांव ओवरब्रिज के पास खड़े ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि प्रशासन चाहे तो प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड और अन्य क्षेत्र में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा सकते हैं। ई-वाहन मालिक अपने वाहनों को घर से चार्ज कर निकालते हैं, लेकिन सफर के दौरान बैटरी खत्म हो जाए तो उनके सामने बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। ऐसे में उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं होता और उन्हें वापस घर लौटकर ही वाहन चार्ज करना पड़ता है।

## जिले के सभी क्षेत्रों में ई-वाहनों की दिनों दिन बढ़ती संख्या, पर चार्जिंग सुविधा नहीं

### आधा दर्जन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन की दरकार

तेजी से ई-वाहनों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए शहर में कम से कम आधा दर्जन स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन की जरूरत है। शहरवासी तो किसी तरह घर पहुंचकर वाहन चार्ज कर लेते हैं, लेकिन आसपास के गांवों या दूसरे शहरों से आने वाले लोगों के लिए चार्जिंग खत्म होना एक बड़ी मुसीबत साबित होता है।



### ई-वाहन की बढ़ती बिक्री, लेकिन अधूरी व्यवस्था

बाजार में ई-वाहनों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। लोग पेट्रोल-डीजल से बचने और प्रदूषण रोकने के लिए ई-वाहनों को प्राथमिकता दे रहे हैं। मगर शहर में चार्जिंग की सुविधा न होना इस अभियान को अधूरा कर रहा है।

**विभागीय उदासीनता:** शहर में जांच के नाम पर की जा रही केवल खानापूर्ति

# परिवहन नियमों की अनदेखी, निजी स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बैठाए जा रहें बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शहर में स्कूल वैन में बच्चों को ठूंस-ठूंसकर स्कूल से घर और घर से स्कूल तक ले जाया जा रहा है। यही नहीं जिन वैन का प्रयोग बच्चों को लाने-लेकर जाने में किया जा रहा है, उन पर भी नियम-कानूनों की अनदेखी की जा रही है। निजी स्कूल अपनी मर्जी के नियम बनाकर गाड़ियों को चला रहे हैं लेकिन, जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। शहर के मुख्य चौराहों बरोंडा चौक, नेहरू चौक, आंबेडकर चौक से छुट्टी के समय गुजरने वाले स्कूल वाहनों में अधिकतर स्कूल वैन में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठे देखा जा सकता है। यही नहीं वैन का रंग भी अलग-अलग रहता है। कई वैन सफेद, स्लेटी रंग में होते है। कई स्कूल वैन में नाम तक नहीं रहता है कि किस स्कूल की वैन है। आपातकालीन नंबर व स्कूल का नंबर भी गायब है। स्कूल संचालकों की लापरवाही के चलते जिले में ज्यादातर स्कूली बच्चों को जान हथेली पर रखकर स्कूल का सफर तय करना पड़ रहा है। जिन वाहनों को स्कूल बस के रूप में प्रयोग किया जाता है, उनमें से ज्यादातर तय मानकों को पूरा ही नहीं करते। कहीं पर आटो तो कहीं पर ई रिक्शा जैसे वाहनों को स्कूल वाहन के तौर पर प्रयोग किया जाता है। इन वाहनों में बच्चों को ठूंस ठूंसकर भरा जाता है। वाहनों में सफर कर रहे बच्चों के हाथ पांव बाहर ही लटकते रहते हैं, जिससे हादसे होने की आशंका रहती है।

### नियमों की भी परवाह नहीं

नियमों की मानें तो केवल पीले रंग की स्कूल वैन या बसें ही चलाई जा सकती है, लेकिन शहर में अलग-अलग रंग की वैन स्कूल बच्चों के लिए चला रहे हैं। साथ ही वैन में बच्चों की क्षमता से ज्यादा बैठाया जा रहा है। वैन में केवल 8 से 10 बच्चे ही बैठाए जा सकते हैं लेकिन शहर में चलने वाली वैन में बच्चों की क्षमता 15 से 18 तक होती है। साथ ही अधिकतर वैन में परिचालक तक नहीं है।

### ई-रिक्शा और ऑटो से लाए जा रहे बच्चे

ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़िए यहां शहर के स्कूलों में भी बच्चे ऑटो और ई-रिक्शा से स्कूल लाए ले जाए जा रहे हैं। स्कूल खुलने और बंद होते समय स्कूल के बाहर इसका नजारा कभी भी देखा जा सकता है। यही नहीं कई वाहनों में तो बच्चे लटककर भी आते-जाते देखे जा सकते हैं। कई ऑटो और ई-रिक्शा तो बच्चों को मानक से अधिक बैठाने के लिए अलग से बेंच भी रख लेते हैं, जिन पर बच्चों को बैठाकर ले जाया जाता है।

# एनएच-353 मार्ग की हालत खराब, सालों से नहीं हुई मरम्मत इसलिए उखड़ने लगी सड़क



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के प्रवेश द्वारा घोड़ारी से ओडिशा को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 353 में छत्तीसगढ़ की सड़क काफी खराब हाल में है। मरम्मत संधारण नहीं होने के कारण यह स्थिति है। सबसे खराब स्थिति पचेड़ा से खोपड़ी पड़ाव तक की है जिसमें बागबाहरा शहर से गुजरने वाला 4 किमी का हिस्सा और अधिक खराब हो चुका है। मुख्य मार्ग होने के साथ स्कूल, ऑफिस, बैंक, व्यवसाय होने के कारण सड़क पर अनगिनत गढ्ढे हो गए हैं जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले खासे परेशान रहते हैं। एनएच 353 कोकिला घोड़ेसवार ने बताया कि 0 से 66 किलोमीटर तक मेंटेनेंस कार्य का टेंडर लगा हुआ है। जैसे ही इसकी औपचारिकता पूरी होगी मेंटेनेंस का कार्य शुरू हो जाएगा।

# महलपारा में दो पक्षों के बीच मारपीट, सरायपाली थाने में अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वीरेंद्र नगर महलपारा में रहने वाले दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पहले पक्ष के प्रदीप कुमार दास ने बताया कि17 सितंबर के लगभग 1:30 बजे घर के बाहर में गाली गलौज सुनकर बाहर निकला और देखा कि मोहल्ला का राजू यादव मेरी भाभी काजल दास को गाली गलौज कर रहा था। जब उससे गाली गलौज करने का कारण पूछा तो आरोपी राजू यादव ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कुछ देर बाद आरोपी राजू अपने घर गया और अपने भाई अज्जू यादव के साथ आया, इस दौरान अज्जू ने रापा से उसके सिर पर मार दिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

- मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने लिखाई, पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया

वहीं दूसरे पक्ष के राजू यादव ने बताया कि 17 सितंबर को दोपहर 01:30 बजे मोहल्ले के तालाब गया था। पास में प्रदीप दास भी खड़ा हुआ था। जब प्रार्थी मुंह धो रहा था, तभी प्रदीप के उपर पानी छिंटक गया, इसी बात को लेकर आरोपी ने गाली गलौज कर अपने हाथ में पहने चूड़ा से सिर में मारपीट किया और अपने घर चला गया, वहां से एक टंगिया लेकर आया और बोला कि आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुये टंगिया से सिर एवं बायें कंधा में मार दिया। जब बड़ा भाई अज्जू यादव बीच बचाव करने आया तो उसके सिर में आरोपी प्रदीप यादव ने टंगिया से मार दिया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी में धरना देंगी आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर आज संयुक्त मंच एवं छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ के बैनर तले जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं रायपुर तूता में जंगी प्रदर्शन एवं महाधरना में शामिल होंगी। इस दौरान 'जीने लायक वेतन दो, वरना गद्दी छोड़ दो' का नारा बुलंद किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि बावजूद उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल की ओर रुख करेंगी। छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ प्रदेश अध्यक्ष सुधा रात्रे व जिला अध्यक्ष सुलेखा शर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं बीते 50 वर्षों से मूलभूत सुविधाओं व सम्मानजनक वेतन से वंचित हैं। लेकिन अब तक न तो इन्हें शासकीय कर्मचारी माना गया और न ही मजदूर का दर्जा मिला। पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा, चिकित्सा सुविधा, न्यूनतम वेतन और शासकीयकरण जैसी मूलभूत मांगें अब तक पूरी नहीं की गई है। सुधा रात्रे ने कहा कि केंद्रों के संचालन में भी गंभीर समस्याएं हैं। झाड़ू, पोंछा, फिनाइल, बाल्टी, फोटोकॉपी जैसी साधारण सामग्री तक उपलब्ध नहीं कराई जाती। सरकार ने आंगनबाड़ी कार्य को डिजिटल कर दिया है। लेकिन, कार्यकर्ताओं को न तो 5जी मोबाइल उपलब्ध कराए गए और न ही इंटरनेट खर्च का प्रावधान है। वनांचल व दूरदराज क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या के कारण कार्य प्रभावित होता है, लेकिन मानदेय कटौती की सजा भुगतनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि हम लगातार अपनी 8 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने आंदोलन कर रही हैं। इसी कड़ी में 19 सितंबर को राजधानी के तूता में जंगी प्रदर्शन एवं महाधरना करने जा रही हैं।

## संघ ने कहा-50 वर्षों से मूलभूत सुविधा और सम्मानजनक वेतन से वंचित, हम न कर्मचारी न मजदूर

**एनएसयूआई ने जिला खाद्य अधिकारी व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

# लाखों के चावल हेराफेरी मामले में कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


शहर के 3 उचित मूल्य दुकानों में लाखों के चावल हेराफेरी मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने से नाराज एनएसयूआई पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी के नेतृत्व में जिला खाद्य अधिकारी तथा एसडीएम महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि मार्च में सत्यापन में चावल की कमी पाई गई थी। उसके बाद आज 6 महीने उपरांत भी कार्रवाई नहीं हो पाई। ना ही चावल की वसूली की गई और न ही दोषियों पर कार्रवाई की गई। इससे चावल के हेराफेरी में शामिल लोगों के हौसले बुलंद है तथा आगामी भविष्य में इनके द्वारा और वृहद स्तर पर हेराफेरी को अंजाम देने से इनकार नहीं किया जा सकता। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाए गए हैं उन पर शीघ्र एफ आई आर कर वसूली की कार्रवाई की जाए। साथ ही इस मामले में संलिप्त समितियों एवं संचालकों ने गरीब हितग्राहियों के अधिकारों का हनन करते हुए शासकीय खाद्यान्न का गबन किया है। यह आचरण न केवल सार्वजनिक वितरण प्रणाली की पूरी व्यवस्था को कलंकित करता है, बल्कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का गंभीर उल्लंघन भी है। खाद्य विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी दोषियों ने निर्धारित समय में कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया और न ही गबन की गई राशि जमा की। यह उनकी संलिप्तता और अपराध की गंभीरता को और स्पष्ट करता है। अतः दोषी समितियों एवं संचालकों के विरुध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। दोषियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की समिति या सार्वजनिक वितरण प्रणाली संचालन से स्थायी रुप से प्रतिबंधित किया जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदेही तय कर उचित विभागीय कार्यवाही की जाए। इस मामले में सही और स्पष्ट कार्रवाई किया जाना नितांत आवश्यक है। ताकि, गरीबों का हक सुरक्षित रहे और दोषियों को कठोर दंड मिल सके। इस अवसर पर शुभम चंद्राकर, होरीलाल साहू, मोहम्मद शादाब, रतन पाल, मोहित साहू, बबलू कन्नौज, आशीष चंद्राकर, भुवनेश्वर दीवान, फलेंद निषाद, निशु मिश्रा आदि उपस्थित थे।



### सोनई रूपई मंदिर में 22 को घटस्थापना

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र पर ग्राम खट्टी स्थित माता सोनई रूपई मदिर में आश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम 22 सितंबर सोमवार घटस्थापना, वेदी पूजन, शैल पुत्री पूजन प्रात 11:36 बजे से दोपहर 12:24 तक किया जाएगा। आश्विन (क्वांर) शुक्ल पंचमी 27 सितंबर शनिवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन प्रातः 8 बजे, अश्विन (क्वांर) शुक्ल अष्टमी 30 सितंबर मंगलवार को महागौरी पूजन, हवन शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी पं. सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी है।

**खबर संक्षेप**



## अस्पताल में बेबी किट का वितरण

**महासमुंद।** महावीर इंटरनेशनल शाखा महासमुंद द्वारा सामाजिक सेवा के तहत शासकीय अस्पताल में बेबी किट वितरण किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष हेमंत मालू एवं सचिव रविंद्र लूनिया के नेतृत्व में हुआ। संस्था की ओर से अस्पताल प्रबंधन को कुल 50 बेबी किट वितरण हेतु सौंपकर विधिवत रजिस्टर में प्रविष्टि कराई गई। साथ ही मौके पर उपस्थित कुछ जरूरतमंद नवजात शिशुओं को बेबी किट प्रदान भी किए गए, जिससे उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता एवं आभार व्यक्त किया। महावीर इंटरनेशनल के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समाज सेवा कार्यों के प्रति समर्पित है और भविष्य में भी इस प्रकार की सेवा गतिविधियां नियमित रूप से जारी रहेंगी।

## महावीर इंटरनेशनल के हेमंत बने अध्यक्ष नई कार्यकारिणी घोषित

**महासमुंद।** महावीर इंटरनेशनल शाखा की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 हेतु नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष हेमंत मालू, उपाध्यक्ष मनोज मालू, सचिव रविंद्र लूनिया, सह सचिव प्रतीक चौरड़िया, कोषाध्यक्ष दिलीप चौरड़िया, सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश चौरड़िया मनोनीत किए गए।





## बिरकोनी में नेत्र व सिकलसेल की जांच शिविर लगा

**महासमुंद।** स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। जिसमें महिलाओं के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए कार्ययोजना अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आई नागेश्वर राव व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में 18 सितम्बर 2025 को नारी आरोग्य उत्स्व कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोनी में मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा नेत्र जांच, सिकल सेल एनिमिया जांच, मासिक धर्म, स्वच्छता पोषण की जानकारी एवं स्वास्थ्य संबंधित विशेष जानकारी दी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर तोरण चंद्राकर, बिटिओ ग्रीस ध्रुव, सेक्टर पर्यवेक्षक किशोर पटेल, महिला पर्यवेक्षक पुष्पलता चंद्राकर, शोभा शर्मा, किरण कौशिक, राजेंद्र सिदार, आदि गोस्वामी, कमल दास, सेक्टर की मितानिन एवं मितानिन ट्रेनर उपस्थित रहे।

# रामखेड़ा, लभराकला व पिरदा के विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितंबर को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रामखेड़ा (पटेवा), लभराकला एवं पिरदा में ग्रामीणों द्वारा भगवान देव शिल्पी विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित की गई थी। दिनभर भक्तिमय कार्यक्रमों के बाद इन ग्रामों में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू को ग्रामीणों ने बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया था। उनके आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए नपाध्यक्ष साहू उपरोक्त ग्रामों के आयोजित पूजा कार्यक्रमों में पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा की तथा गांव, क्षेत्र, जिला व प्रदेश सहित देश की उत्तरोत्तर प्रगति की प्रार्थना की। मुख्य अतिथि साहू ने सभी गांवों में लोगों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा श्रीजन के देवता हैं, वे सृष्टि की रचना में ब्रह्मदेव के बाद उनका भी उल्लेख किया जाता है। समस्त मानव जाति को परिश्रम व ईमानदारी से मेहनत करने का आशीर्वाद भगवान विश्वकर्मा ने दी है। कोई भी निर्माण कार्य भगवान विश्वकर्मा की पूजा से शुरू की जाती है। आज गांव गांव में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर जो आयोजन हो रहे हैं, वह निश्चित ही प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आप सभी के माध्यम से भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने का जो सौभाग्य मिला है, उसके लिए आप सभी के प्रति मैं कृतज्ञ हूं। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी है। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी, नपं तुमगांव के पार्षद रोहित साहू, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, लभराकला सरपंच गीता बाई, तानसेन सिन्हा, ओमप्रकाश चंद्राकर, दिलीप सिन्हा, गोविंद सिन्हा, नारायण साहू, भुवन यादव, लेखराम ध्रुव, पीतांबर सिन्हा, मनहरण पटेल, सेवन पटेल, दिगंबर यदु, श्रवण सिन्हा, बलदाऊ पटेल, संतोष दीवान, फगनू विश्वकर्मा, राजू निषाद, गोवर्धन साहू, हितेश निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## फिल्टर प्लांट में हुई विश्वकर्मा पूजा, नपा उपाध्यक्ष हुए शरीक

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद के बेलसोंडा.स्थित फिल्टर प्लांट में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। जिसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नंबर 26 पार्षद पीयूष साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा आरती की। इस अवसर पर राठी ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान ज्ञान विज्ञान और शिल्पकला के प्रवर्तक माने जाते है। सुई निर्माण से लेकर बड़े बड़े कारखाने, रचनात्मक कार्यों में शिल्पकार की आवश्यकता होती है। शिल्पकार की भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिन है, जिसे छग शासन सेवा पखवाड़ा के रूप में भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। एक दिव्य संयोग है कि नरेंद्र मोदी और विश्वकर्मा भगवान का जन्मदिन एक साथ आता है। देश के नवनिर्माण व विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी भगवान विश्वकर्मा के मार्ग में उच्च कोटि के शिल्पकार की तरह चल रहे है। इस दौरान नगर पालिका फिल्टर प्लांट कर्मचारी नंदू साहू, तेजराम साहू, तुलाराम रात्रे, ओमप्रकाश पटेल, धनंजय पटेल आदि उपस्थित थे।



## राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप आज से

**महासमुंद।** शहीद स्व.आकाशराव गिरेपुंजे सहायक पुलिस अधीक्षक की स्मृति में बास्केटबॉल संघ जिला महासमुंद द्वारा राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक एवं बालिका बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 19 से 21 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है। इसमें जिले के अलावा विभिन्न 13 जिलों के बालक एवं बालिका टीम, प्रशिक्षक व दल मैनेजर शामिल होंगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रारंभिक बैठक लिया जा चुका है। जिसमें खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, राजस्व निरीक्षक मनीष श्रीवास्तव, अध्यक्ष बास्केटबॉल संघ महासमुंद नूरेन चंद्राकर, चेयरमैन गौरव चंद्राकर, सचिव शुभम तिवारी, अभिषेक, कुलेश्वर चंद्राकर आदि उपस्थित रहे। चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। उक्त चैंपियनशिप में जनसहयोग एवं विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। जिनमें खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, नगर पालिका परिषद, माई भारत, रिवर्डल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद, विभिन्न हॉस्पिटल आरएलएस, महानदी, सोहम हॉस्पिटल, गुडस्पर्श हॉस्पिटल व टीवीएस शो रूम, एचडीएफसी बैंक, विजय चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर समेत अन्य लोगों के सहयोग रहा है। अध्यक्ष नूरेन चंद्राकर ने बताया कि राज्य स्तरीय आयोजन में शहीद स्व. आकाशराव गिरेपुंजे के परिवार, अमरेश मिश्रा आईजी रायपुर, विधायक महासमुंद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुंद, कलेक्टर, एसपी सहित विभिन्न, जनप्रतिनिधियों, जिला अधिकारियों सामाजिक संगठन, नागरिक अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



## जगदीशपुर में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**बसना।** ग्राम पंचायत जगदीशपुर में 18 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला जगदीशपुर के बच्चे एवं शिक्षक सहित ग्राम पंचायत के सभी सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता सरपंच रिद्धि मनसा नायक ने की। इस अवसर पर उपसरपंच अनीस कुमार, सचिव हेतराम विशाल, रोजगार सहायक आशिक नंद, प्रभारी प्रधान पाठक ऋतु नंद, शिक्षक कमलेश प्रधान, पंचगण तथा ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सरपंच रिद्धि मनसा नायक द्वारा राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी के फोटो पर माल्यार्पण कर फीता काटकर किया आदि सेवा केंद्र का शुरुआत किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आदि सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को शैक्षिक, सामाजिक एवं विकास से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा।

# कॉलेज में हिंदी साहित्य परिषद का गठन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के हिंदी विभाग में सत्र 2025-26 के लिए हिंदी साहित्य परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस परिषद का उद्देश्य छात्रों में हिंदी साहित्य के प्रति अभिरुचि बढ़ाना, सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन करना, भाषा-संवर्धन और साहित्यिक परंपराओं को जीवित रखना है। साथ ही यह परिषद विद्यार्थियों को वाक्शक्ति, सृजनशीलता एवं संगठन क्षमता के विकास का अवसर प्रदान करती है। चयनित पदाधिकारियों को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ संध्या भोई द्वारा परिषद की शपथ दिलाई गई। चयनित पदाधिकारियों अध्यक्ष अलिषा प्रधान एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष उजाला स्वाई एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर, सचिव रीता पटेल एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव रीना साव बीए भाग तीन, कोषाध्यक्ष अशोक बरिहा एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर, सांस्कृतिक प्रभारी शिल्पा साहू एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर, साहित्यिक प्रभारी चंद्रिका सिदार एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रभात सिंह सिदार (एमए प्रथम सेम.), सरोज निषाद




(एमए प्रथम सेम.), ऋतु साव (एमए तृतीय सेम.), कौशल्या पटेल (एमए तृतीय सेम.), दुजे कुमार (बीए प्रथम सेम.), अंकिता देहरी (बीए प्रथम सेम.), अविनाश दास (बीए तृतीय सेम.), अंजली नायक (बीए तृतीय सेम.), चूड़ामणि पटेल (बीए भाग तीन), जसमिता स्वाई (बीए भाग तीन) का चयन किया गया। प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी साहित्य परिषद छात्रों की साहित्यिक चेतना, रचनात्मक अभिरुचि और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने परिषद से अपेक्षा की कि यह पूरे सत्र में वाद-विवाद, काव्यपाठ, निबंध, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों के व्यक्तित्व विकास में योगदान देगा। सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रिका चौधरी ने परिषद को हिंदी साहित्य और समाज के बीच सेतु बताते हुए कहा कि यह परिषद विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य की समृद्ध परंपरा से जोड़ेगी और उनमें सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करेगी। अनिल कुमार ने कहा कि परिषद विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर है। वहीं आरती साहू ने इसे आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का मंच बताया।



## छात्रों को पहाड़ी का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**सरायपाली (ग्रामीण)।** शासकीय हाई रोहिना में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व एवं इको क्लब प्रभारी कमलेश साहू के मार्गदर्शन में छात्रों को स्कूल के पीछे स्थित पहाड़ी का भ्रमण कराते हुए न सिर्फ इको सिस्टम से परिचय कराया, बल्कि प्राकृतिक दृश्य एवं भू आकृतियों का भी अवलोकन कराया गया। व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि स्कूल पीछे स्थित पहाड़ी का नैसर्गिक सौंदर्य बरसात के दिनों देखते ही बनता है। इस पहाड़ी से निकलने वाली बरसाती झरनों की तुलना ₹नर्मदा का उद्गम अमरकंटक₹ से करते हुए बताया कि किस प्रकार नर्मदा कुंड से नर्मदा निकलकर अदृश्य हो जाती है और कपिलधारा में प्रकट होती है। पहाड़ी ऊपर से अपने गांव, स्कूल को देखने का अलग ही आनंद की अनुभूति छात्रों को हो रही थी। छात्र न सिर्फ पर्वतारोहण का अनुभव प्राप्त किया बल्कि ढाल, कगार, खड्ड जैसे कई भौगोलिक स्थलाकृतियों से भी अवगत हुए। झरना, कुंड, घाटी, चट्टानों की बनावट, अपरदन एवं निक्षेपण की क्रियाओं को करीब से देख कर रोमांचित हुए। पहाड़ी ऊपर छात्र एक सुंदर गीत 'पहाड़ी पे पेड़ था' गाकर पहाड़ी चढ़ने का भरपूर आनंद लिए। छात्रों को विभिन्न वनस्पतियों एवं दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता की जानकारी देते हुए वन संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता केके साहू, शिक्षक एल के पटेल, एके पटेल, एसके पटेल, लीला पटेल, के कमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में यूथ रेडक्रास सोसायटी के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला संगठक अशोक गिरी गोस्वामी के निर्देशन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.. संध्या भोई के मार्गदर्शन में यूथ रेडक्रास सोसायटी प्रभारी डॉ.. राधेश्याम पटेल, विभागाध्यक्ष इतिहास, राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता विभागाध्यक्ष वाणिज्य, रेड रिबन क्लब प्रभारी यूके बरिहा, विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं यूथ रेडक्रास इकाई के विद्यार्थियों के संचालन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.. संध्या भोई, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों एवं यूथ रेडक्रास प्रभारी द्वारा चलित रक्तदान वाहन में फीता काट कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 65 रक्तवीरों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया, जो कि महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय के स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदाताओं को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों द्वारा हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिवार से दीपक कुमार, हेमलता पटेल, गजपति पटेल, अंकित यदु, महेंद्र दीप, दुर्गाशंकर यादव ने रक्तदान किया। शिविर में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यगण एवं महाविद्यालय के दीपक कुमार, डॉ.. चंद्रिका चौधरी, हेमलता पटेल, अनिल कुमार तांडी, गजपति पटेल, सिम्मी नायक, अंकित यदु, महेंद्र दीप, नीरज सागर एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## महक का केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परचम लहराने वाले विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय छत्तीसगढ़ द्वारा मेधावी बिटिया सम्मान 2025 के तहत आयोजित कृषि महाविद्यालय रायपुर के सभागृह में केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ की महिला विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, आरंग के विधायक एवं मंत्री खुशवंत सिंह, रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ ही कई नागरिकों की उपस्थिति में सरायपाली की स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्यनरत छात्रा महक गर्ग पुत्री (राजेश मोनी अग्रवाल), जगत नारायण, कैलाश चंद्र अग्रवाल का कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 97.33 प्रतिशत अंक लाने पर सम्मान किया गया। महक को सम्मान मिलने पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारी सभी सामाजिकजन एवं समस्त सरायपालीवासियों ने हर्ष जताया है।

## खल्लारी मंदिर कोडार में क्वांर नवरात्र महोत्सव 22 से

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे-53 स्थित जय माँ खल्लारी मंदिर कोडारबांध तुमगांव में क्वांर नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ 22 सितम्बर से आरंभ होगा। आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा सोमवार 22 सितम्बर को घटस्थापना ज्योत प्रज्ज्वलित पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच होगा। इसी प्रकार 27 सितम्बर शनिवार को श्रृंगार, ललिता, उपांग पंचमी पूजन होगा। वहीं 29 सितम्बर सप्तमी सोमवार को महाकाली, महानिशा पूजा होगी। 30 सितम्बर अष्टमी मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से महाष्टमी, अशोका अष्टमी हवन प्रारंभ होगा। पूर्णाहूति देवी ईच्छा पश्चात कन्या पूजन एवं प्रसादी वितरण होगा। इसी प्रकार शुक्ल पक्ष नवमी 1 अक्टूबर को जवारा विसर्जन एवं भोग भंडारा होगा। वहीं दशमी गुरुवार 2 अक्टूबर को दुर्गा विसर्जन विजयादशमी के साथ महोत्सव का समापन होगा। समिति के अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

# नवरात्र में भीड़ नियंत्रण करने मंदिर महासंघ ने मांगा अतिरिक्त बल

## कलेक्टर और एसपी को मांग पत्र सौंपकर बताया कि भीड़ में बढ़ जाती है जेबकतरे और उठाईगिरों की गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर महासंघ ने कलेक्टर और एसपी को मांग पत्र सौंपकर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और विशेष प्रबंधन की मांग की है। मंदिर महासंघ संयोजक मंडल के प्रमुख दाऊलाल चंद्राकर, दानवीर शर्मा और डॉ. नीरज गजेंद्र ने बताया कि नवरात्र के नौ दिनों के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के लिए जिलेभर से श्रद्धालुजन उमड़ते हैं। इस दौरान मंदिरों तक पहुंचने वाले मार्गों पर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। वहीं भीड़ का लाभ उठाकर जेबकतरे और उठाईगिरों जैसी असामाजिक गतिविधियों के सक्रिय होने की आशंका भी बनी रहती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु दर्शन व्यवस्था के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग का सहयोग आवश्यक है। महासंघ ने मांग की है कि जिले के प्रमुख देवी मंदिरों और उनके आसपास के मार्गों पर ट्रैफिक



प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की जाए। दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की सक्रिय तैनाती हो। साथ ही महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिसकर्मियों की भी नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। संयोजक मंडल के सदस्यों ने कहा कि मंदिर महासंघ से जुड़े सभी ट्रस्ट और समितियां अपनी ओर से तैयारियां कर रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कतारबद्ध व्यवस्था, पीने के पानी, सफाई और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा की भी तैयारी की जा रही है। फिर भी इतनी बड़ी संख्या में उमड़ने वाली भीड़ को संभालने में केवल समितियों के प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे। प्रशासनिक और पुलिस विभाग की सहभागिता से ही नवरात्रि का पर्व सुचारु और सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो सकेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि नवरात्र के दौरान मंदिर परिसरों और उनके मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी की व्यवस्था को सुदृढ़ करवाया जाए। ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड की सहायता से पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर महासंघ ने प्रशासन से अपील की है कि समय रहते सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की तैयारी की जाए, जिससे नौ दिनों तक श्रद्धालुजन निर्बाध रूप से दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें और जिले की धार्मिक परंपरा गरिमा के साथ निर्विघ्न बनी रहे।

## सोनी परिवार के कारीगरों का हुआ सम्मान



**बसना।** विश्वकर्मा जयंती पर राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीति भागीदारी मंच के राष्ट्रीय सचिव संजीव कुमार सोनी ने रायपुर के सदर बाजार स्थित हलवाई लाइन में सोना-चांदी आभूषण के काम करने वाले कई पीढ़ियों से सोनी परिवार के कारीगरों से मुलाकात कर उनके परिवार का हाल-चाल जाना तथा आगे उन सभी को संगठित होने का आह्वान किया। आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर होने तथा स्वदेशी अपना व्यवसाय करने पर जोर दिया। इस दौरान शत्रुघ्न सोनी, रामसागर सोनी, प्रकाश सोनी, प्रेम सिंह सोनी, रविंद्र सोनी, कैलाश सोनी, रामू सोनी, विनोद सोनी, देवी प्रसाद सोनी आदि मौजूद रहे। सभी कारीगरों ने एक सूत्र में स्वर्ण कला रजत कला बोर्ड के निर्माण के लिए शासन से शीघ्र करने की मांग की।

## कलेक्टर ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा, रजत जयंती वर्ष एवं पोषण माह के अंतर्गत कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर में सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुपोषण रथ जिले के सभी विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर सुपोषण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जटवार, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर की बेहतरी के उद्देश्य से इस वर्ष भी सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य पोषण सेवाओं में अभिसरण को मजबूत करना है। पूरे छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जलि में में 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास ने बताया कि यह रथ जिले के पांचों विकासखंडों में 01 अक्टूबर तक भ्रमण करेगी। पोषण माह अंतर्गत महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता को सुदृढ़ बनाना है। पोषण माह का उद्देश्य जन-जन तक संतुलित आहार, एनीमिया मुक्त, स्तनपान के महत्व, स्कूल जाने वाले बच्चों के पोषण स्तर में सुधार तथा परिवार स्तर पर पोषण थाली और मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देना है।

## खबर संक्षेप



### अरंड में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**अरंड (पिथौरा)।** जय महावीर विश्वकर्मा संघ ने ग्राम अरंड में विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। दूसरे दिन गाजे बाजे के साथ गांव का भ्रमण करते हुए विश्वकर्मा की मूर्ति का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच दिगम्बर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, शिवचरण ध्रुव, कार्तिकराम पटेल, अध्यक्ष जोगीराम ध्रुव, पवन कुमार ध्रुव, श्याम लाल ध्रुव, चैन सिंह ध्रुव, देवानंद साहू, पीलू दवांगन, दशमत बाई ध्रुव, लीलाबाई दीवान आदि का सहयोग रहा।



### डोकरपाली में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम डोकरपली में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच जितेंद्र साहू, उप सरपंच बिहारी दीवान, डुमेश देवांगन, गोवर्धन कोरिया, लेखराम यादव, विश्वकर्मा संघ ने विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की। बाद गाजे बाजे के साथ विश्वकर्मा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान अनिता, रेखा, खिलेश्वरी आदि मौजूद रहे।

**समस्या:** राहगीरों को परेशानी, कुछ दिन चलने के बाद बंद है पानी

# ढालम में नल जल योजना के तहत खोदी गई सड़क, बन गई मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी नल जल योजना का काम गांव में लापरवाही का शिकार हो रहा है। योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की मुख्य सड़क को खोदा गया था, लेकिन पाइपलाइन बिछने के बाद भी कई महीनों से काम अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क के बीच में गड्ढे और बिखरी हुई मिट्टी के कारण पैदल चलने वालों और वाहन चालकों के लिए जोखिम बढ़ गया है। खास तौर पर रात के समय चलने में परेशानी ज्यादा होती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग और ठेकेदार काम को जल्द से जल्द पूरा करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पानी चालू भी हो



गया था, कुछ दिन चलने के बाद पानी भी बंद पड़ा है और सड़क भी अधूरा है,बरसात का मौसम चल रहा है जिससे चलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कई बार शिकायत लेकिन कार्रवाई नहीं

ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि काम जल्द पूरा हो और सड़क की मरम्मत की जाए, ताकि लोगों की परेशानी खत्म हो। स्थानीय निवासी पंच टीकाराम पटेल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि पाइपलाइन बिछाने का काम तो पूरा हो गया है, लेकिन सड़क पेचिंग को अधूरा छोड़ देना गलत है। हमें हर दिन इस टूटी हुई सड़क से गुजरना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद होते हैं। खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह बहुत जोखिम भरा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने और ठेकेदार को काम पूरा करने का निर्देश देने की अपेक्षा की है।

### कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना। जन चौपाल में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम झालखम्हरिया निवासी रेखराज साहू ने भूमिस्वामी हक की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में आवेदन दिए। ग्राम भावा के ग्रामवासियों ने शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षक व्यवस्था, ग्राम चुरुपाली पिथौरा निवासी रामजी ध्रुव ने राशन कार्ड, बागबाहरा निवासी कंचन प्रजापति ने आगे की पढ़ाई के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम पचेड़ा निवासी अर्जुन ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम लमकेनी बागबाहरा के ग्रामवासियों ने अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, ग्राम बढ़ईपाली पिथौरा के ग्रामवासियों ने ग्राम में अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन किए। कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## युकां ने मनाया राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस, भजिया बनाकर मोदी के जन्मदिन का दिया तोहफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बुधवार को कांग्रेस भवन के सामने जुटे और राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मनाया। इस दौरान युवाओं ने चाय, भजिया बनाकर प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन पर तोहफा दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी आस मोहम्मद, प्रदेश महासचिव विराज चंद्राकर, अमन चंद्राकर जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस महासमुंद, युवराज साहू, अक्षय साकरकर, नितिन चंद्राकर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अमन चंद्राकर ने कहा कि केवल युवाओं को ठगने का काम मोदी सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) एवं एमएन सिदार (विभाग अध्यक्ष भूगोल) मंचासीन रहे। प्राचार्य संध्या भोई ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण संतुलित पर्यावरण एवं अच्छी सेहत के लिए आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 16 सितंबर को ओजोन परत की संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। अतः इस दिवस का सम्मान करते हुए हमें वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। शब्या पटेल द्वारा विश्व ओजोन दिवस के उद्देश्य, वायुमंडल की संरचना एवं ओजोन के महत्व के बारे में बताया गया। एमएन सिदार ने अपने उद्बोधन में ओजोन परत की संरचना, ओजोन परत के क्षय होने के दुष्परिणामों के बारे में बताया। अनिल गुप्ता ने ओजोन गैस के सहजीविता के बारे में बताया। पी बाघ ने विश्व ओजोन दिवस मनाने के उद्देश्य, मांट्रियल प्रोटोकॉल, सीएफसी के बारे में बताया। इस अवसर पर मनीषा स्वाई (एमए तृतीय सेमेस्टर) एवं अमृत बरिहा( एमएसी तृतीय सेमेस्टर) ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन प्रतिज्ञा साहू (एमएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र) एवं आभार प्रदर्शन प्रियंका बारिक ने किया।

### युक्तियुक्तिकरण के तहत नवपदस्थ शिक्षकों का किया गया सम्मान

**सरायपाली (ग्रामीण)।** संकुल केंद्र खोकसा में युक्तियुक्तकरण के तहत नवपदस्थ शिक्षकों के लिए स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय हाईस्कूल रोहिना में पदस्थ उच्च वर्ग शिक्षक लक्ष्मण पटेल, प्राशा रोहिना में पदस्थ सहायक शिक्षक ज्योति वर्मा, प्राथमिक शाला बम्हनीनडीह विजय कुमार कश्यप, प्राशा बंसुलीडीह भोजराम पटेल, आश्रम शाला खोकसा मोहन खंडेल, प्राशा खोकसा चितरंजन गढ़तिया, टीकम चंद त्रिपाठी का स्वागत एवं सम्मान संकुल प्राचार्य पीएन ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के तहत एकल एवं शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षकों की पद स्थापना होने से शिक्षा गुणवत्ता अभियान को नई गति मिलेगी। साथ ही अनुभव एवं विषय शिक्षकों की पदस्थापना होने से स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलेगा। लक्ष्मण पटेल ने कहा कि खोकसा संकुल परिवार से जुड़कर नई ऊर्जा के साथ काम कर संकुल केंद्र को नहीं ऊंचाई प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अवसर पर व्याख्याता दिलेश्वर बंजारे, रूपलाल चौहान, निराकार पटेल, रत्ना पटेल, एमपी नायक, बीके सिदार, रोहित भट्ट, महावीर भोई, संतलाल चौहान, हाई स्कूल रोहिना प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, प्रधान पाठक बोधन पटेल, जुगलाल परेश्वर, उमा पटेल, लखनलाल चंद्रवंशी, मोहित बरिहा, शाहिद आदि मौजूद रहे।

### बीएससी के छात्र केवल ने किया रक्तदान

**बसना।** राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा रक्तदान अमृत महोत्सव का आयोजन पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रायपुर पहुंच कर सेवा पखवाड़ा रक्तदान अमृत महोत्सव में भाग लेकर रक्तदान किया। पंडित जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना बीएससी के छात्र केवल दास दीवान ने रक्तदान अमृत महोत्सव में भाग लेकर रक्तदान किया। मीडिया में चर्चा के दौरान बसना महाविद्यालय के छात्र केवल दास दीवान ने कहा कि मुझे रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं पहली बार रक्तदान किया हूं। मुझे अच्छा और सुखद अनुभव हो रहा है। रक्तदान करने के लिए मुझे मेरे पिताजी सेवक दास दीवान से प्रेरणा और आशीर्वाद मिला।






## लखनपुर में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**झलप।** ग्राम पंचायत लखनपुर में राज मिस्त्री संघ एवं ग्राम वासियों द्वारा विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गईं। सुबह भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति पंचायत भवन के सामने मैदान पर बैठाई गई। विधिवत पूजा समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया गया। देर शाम को अतिथियों का स्वागत राज मिस्त्री संघ के सदस्यों ने किया। विधायक राजू सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश पटेल, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, जनपद सदस्य बलविंदर सीटू सलूजा, निर्भय नायक, मंडल अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, राकेश साहू झलप सरपंच, किशन कोसरिया, सागर साहू, एवं अन्य अथितिगण ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की। उपरांत डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन उप सरपंच कमल कौशिक ने किया। सरपंच ख़ेमीन चोवा ध्रुव और ग्राम के सभी पंच व ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। डीजे डांस प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में प्रथम स्थान आरएन डांस ग्रुप संभर को 15001, द्वितीय स्थान में प्रतिभा डांस ग्रुप जांजगीर-चांपा को 10001, तृतीय स्थान में हमर छत्तीसगढ़ ग्रुप बड़े साजापाली को 5001, युगल डांस में प्रथम स्थान में यादव एंड यादव बिलासपुर को 7001, द्वितीय स्थान में चुरकी मुरकी पिथौरा को 5001, तृतीय स्थान में चांदा चकोरी को 3001 और सिंगल डांस में प्रथम जैनी बिलासपुर को 5001, द्वितीय योगेश यादव बिलासपुर को



4001, तृतीय आकाश राजनांदगांव को 3001 का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का समापन सुबह 6 बजे हुआ। राजमिस्त्री संघ के मोरध्वज साहू, बिरसिंह, भूपेंद्र पटेल, महावीर साहू, पुनीत, पुरानिक एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। विधायक द्वारा बुजुर्ग मिस्त्री सीताराम निर्मलकर की मोमेंटो भेट कर सम्मान किया गया

## विश्व ओज़ोन दिवस पर सावित्रीपुर स्कूल में हुई जागरुकता संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

आकाश की असीमित ऊंचाइयों में, नीले विस्तार के बीच फैली वायुमंडल की परतें हमारी अदृश्य ढाल हैं। इन्हीं के सहारे पृथ्वी पर जीवन की गाथा लिखी जाती है। इसी भावभूमि के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में 16 सितम्बर को विश्व ओज़ोन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीव विज्ञान व्याख्याता सविता जलछत्री ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को ओज़ोन परत की महत्ता, उसके क्षरण से होने वाले दुष्परिणाम और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर रोचक और ज्ञानवर्धक उद्बोधन दिया।

उन्होंने कहा कि वायुमंडल की पांच परतें - क्षोभ मंडल, समताप मंडल, मध्य मंडल, ताप मंडल और बहिर्मंडल-जीवन की रक्षा के प्रहरी हैं। क्षोभमंडल हमें श्वास और वर्षा देता है, मध्य मंडल उल्काओं को भस्म कर हमें बचाता है, तापमंडल से संचार और उपग्रह संभव हैं, बहिर्मंडल हमें ब्रह्मांड से जोड़ता है।



और इन्हीं सबके बीच समतापमंडल में स्थित ओज़ोन परत जीवन की अदृश्य ढाल है, जो सूर्य की घातक पराबैंगनी किरणों को रोककर पृथ्वी पर हर प्राणी की रक्षा करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ओज़ोन परत क्षीण हो जाए तो न केवल मानव बल्कि पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, सभी के अस्तित्व पर संकट छा जाएगा। त्वचा रोग, आंखों की बीमारियाँ, फसलों की क्षति और जलवायु परिवर्तन इसकी भयंकर परिणतियां होंगी। अतः हमें उन रसायनों का उपयोग कम करना होगा जो ओज़ोन परत को नुकसान पहुँचाते हैं और पर्यावरण–अनुकूल जीवनशैली अपनानी होगी।

इस अवसर पर छात्रों ने “ओज़ोन बचाओ-जीवन बचाओ”, “हरी धरती, सुरक्षित वायुमंडल” और “ओज़ोन परत का संरक्षण-मानवता का जीवन” जैसे प्रभावी नारे प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रांगण में लगे पोस्टर और विद्यार्थियों के ओजस्वी भाषणों ने वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया। अंत में पूरे विद्यालय परिवार ने सामूहिक शपथ ली कि वे ओज़ोन परत की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



### भाजपाइयों ने कनेकेरा महादेव मंदिर प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** भाजपा ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कनेकेरा में कनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा रहे। कनेश्वर महादेव मंदिर में मोदी के दीर्घायू की कामना हुई। जिलाध्यक्ष एतराम साहू ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिला कर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, कार्यक्रम के जिला संयोजक राहुल चंद्राकर, ग्रामीण महामंत्रीगण डॉ माखन सिन्हा, साजन यादव, आनंद साहू जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, पंकज चंद्राकर, कार्यक्रम संयोजक परमानंद साहू, सहसंयोजकगण प्रेम साहू, श्रीकांत शर्मा, मेघराज ध्रुव उपाध्यक्ष, मेघराज चंद्रसेन मंत्री, यशोदा साहू मंत्री, चुनेश्वरी साहू महिला मोर्चा महामंत्री, ख़ेमिन देवदास सरपंच कनेकेरा, चम्पेश्वरी साहू सरपंच, तोषण साहू, महेश जोशी, रामेश्वर सिन्हा, सनत साहू, चंद्रप्रकाश, हेमंत साहू, सोनम साहू, मोहन साहू, सुभद्रा साहू, भावना साहू, एस कुमार साहू, सरस्वती साहू, दूज बाई दीवान, इंद्रवती, सीमा साहू, उषा साहू, छाया साहू, चक्रेश्वरी, ममता साहू, डिगेश्वरी दीवान, दिव्या टंडन, पन्नालाल साहू, दिनेश साहू, राजू साहू, राजेंद्र कुमार, लोकनाथ चंद्राकर, उदयराम साहू, हरेंद्र साहू, पूर्णिमा साहू आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न स्थानों पर आयोजित विश्वकर्मा पूजा में शामिल हुए नपाध्यक्ष निखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर क्षेत्र की प्रगति के लिए प्रार्थना की। देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर बुधवार को नगर में विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विराजित कर श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई।

साहू ने सर्वप्रथम नगर पालिका के पार्किंग यार्ड में विश्वकर्मा पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर निर्माण यंत्रों की पूजा की। इसके बाद बेलसोंडा फ़िल्टर प्लांट, नकुल ढीढी उद्यान, कचहरी चौक में वाहन चालक मालक संघ, अपना मार्केट में मेशन मजदूर संघ द्वारा विराजित विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा की पूजा कर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जगह-जगह भजन-कीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा विकास और निर्माण के प्रतीक हैं। मेहनतकश मजदूर समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने परिश्रम और समर्पण के साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वाले सभी कारीगरों, मजदूरों और निर्माणी श्रमिकों को पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर मेशन मजदूर संघ के संरक्षक बढ़ोत्तम साहू, राधेश्याम धीवर अध्यक्ष, विनोद साहू महामंत्री, अमरू साहू कोषाध्यक्ष, किशन साहू उपाध्यक्ष, धनेश निषाद उपाध्यक्ष, अमरदास बघेल सचिव, चोवाराम साहू सभापति, गोपाल वर्मा सलाहकार, बालाराम साहू, सेवक विश्वकर्मा, तुलस पटेल छन्नु साहू सहित पीडब्ल्यू के सामने आयोजित उत्सव कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष उमेश सोनवानी, कोषाध्यक्ष गोविंद देवांगन, मुख्य प्रचार मंत्री नूतेश सिन्हा, संगठन मंत्री केशव ठाकुर, मुख्य मीडिया प्रभारी शुभम सिन्हा, डोमन साहू, अजय यादव, गोलू चंद्राकर, परमेश्वर डडसेना, देवेंद्र, योगेश, धानेश्वर, अशोक, विक्की आदि मौजूद रहे।

# छग रजत महोत्सव पर संगोष्ठी व परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय शांत्रिबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव 2025 में संगोष्ठी/परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, भागवत जगत भूमिल साहित्यकार, उत्तरा विदानी उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और राज्यगीत ₹अरपा पैरी के धार₹ से हुई। मुख्य अतिथि चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास रफ्तार से जारी है। पहले हमारे राज्य की छवि उदास थी। विकास की गति बेहद धीमी थी। लेकिन केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने हमने बनाया है हम ही संवारेंगे की तर्ज पर संजीदगी से राज्य में विकास की गति को बढ़ाया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी वाजपेयी का आभार मानते हुए कहा कि राज्य बनने के बाद की स्थिति काफी दयनीय थी और आज का दिन है कि हम एक लाख 57 हजार करोड़ का बजट राज्य के लिए रखा है। यह बजट पहले की बजट से बीस गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित करना है तो हमें गांव के एक घर से शुरू होकर राज्य के हर चप्पे का विकास करना होगा। राज्य का स्वर्णिम समय शुरू हो चुका है। छत्तीसगढ़ अब देश के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लगा है। प्रदेश के तमाम युवाओं, स्कूल कालेज के बच्चों और हर एक नागरिकों को राज्य के विकास में भागीदारी चाहिए।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कालेज के प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के बाद कहा कि देश को, राज्य को और समाज को युवा शक्ति का साथ जरूरी होता है। युवाओं के पास इतनी शक्ति है कि वे युग परिवर्तन कर सकते हैं। इस वक्त छत्तीसगढ़ राज्य भी 25 साल का युवा है और स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहा है। ऐसे में याद रहे कि छत्तीसगढ़ निर्माण के दौर में बहुमूल्य योगदान देने वालों को कदापि नहीं भूला जाय। कई कई तरह की कोशिशों के बाद



इस राज्य का जन्म हुआ है। प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष येत राम साहू ने कहा कि बटवारा दुःखद ही हुआ करता है। लेकिन, मध्यप्रदेश का बटवारा दुःखद हरगिज़ नहीं था। छत्तीसगढ़ के अलग अलग बोली और अलग अलग भाषा पर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ की सभ्यता और संस्कृति सामने आई और अपने मनभावन पहचान के साथ इसने देश दुनिया में अपना परचम फहराया। राज्य बनने के बाद यहां स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय दुगुने, तीन गुने रफ्तार से बढ़ा है। राज्य बनने से पहले स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति काफी डांवाडोल थी। आज के युवाओं को यह सब समझना होगा कि राज्य के निर्माण में कैसे कैसे हालातों से निपटना पडा। लोग अच्छे जीवन के लिए, अच्छी पढाई, अच्छे इलाज के लिए तरसते थे। हमारी बातें भोपाल में तय होती थीं। अब हम अपने लिए सारे निर्णय छत्तीसगढ़ में लेते हैं। हमें उन अभावों का अहसास करना पड़ेगा जो हमने सहा है। राज्य को आगे बढाने के लिए कदम से कदम मिलाकर चलना होगा।

वक्ता के रूप में उपस्थित संदीप दीवान ने कहा कि हम सब छत्तीसगढ़ के विकास के साक्षी हैं। डिजिटल भारत विकसित भारत की तरह आज छत्तीसगढ़ भी विकसित राज्यों में शुमार है। छत्तीसगढ़ न किसी से थोड़ा कम है, न किसी से श्रेष्ठ है। हमारा राज्य अब स्वयं में परिपूर्ण है। भावी छत्तीसगढ़ शक्ति से ओतप्रोत युवाओं की मेहनत पर निर्भर है। अतः इसके निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटलबिहारी की तरह हम सब को अपने राज्य के लिए निःस्वार्थ रहकर काम करना होगा। साहित्यकार एवं शिक्षक भागवत जगत भूमिल ने कहा कि राज्य का 25वां वर्षगांठ काफी सुखद क्षण है।

## लाफिनकला में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

### सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र

**महासमुंद।** बुधवार को ग्राम लाफिनकला के उत्साही युवाओं द्वारा विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाया गया। ग्राम के महामाई चौक में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा आराधना की गई। संस्कृति संरक्षण के उद्देश्य से विश्वकर्मा आयोजन समिति द्वारा गांव के बच्चों का पारंपरिक डांस प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। जिसमें ग्रुप डांस मे प्रथम तुलसी के बिरवा डांस ग्रुप, द्वितीय ओजस्वी, दामिनी की टीम व तृतीय जागृति अनामिका की टीम रही। वहीं एकल तथा युगल में प्रथम संध्या पटेल, द्वितीय मीनाक्षी, तारणी तथा तृतीय रेशमी साहू रही।



## खबर संक्षेप



### टोंगोपानीकला में उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत टोंगोपानीकला में आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र धरती आबा जन जातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव सत्येंद्र कुमार चंद्राकर, सरपंच प्यारे लाल ठाकुर, रोज़गार सहायक देवेंद्र कुमार साहू, पंचगण शामिल थे। साथ ही ग्राम पंचायत टोगोपानी कला आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का समिति गठन किया। इसमें सदस्य रेशमा, चमेली ठाकुर, रेखा ठाकुर, बालकुंवर ठाकुर, डिगेश्वरी, प्यारे लाल, सोमनाथ, ऋषि, लालचंद ठाकुर, अंजोर सिंह, दुकालू, पवन, कमलकिशोर, गन्नू, उमाराम, तुलाराम, परस, विजय, नायकराम ठाकुर, टीकम शामिल है। साथ ही ग्राम पंचायत टोगोपानीकला में अलग-अलग विभागों का शिविर आयोजित किया जाएगा।

### निःशुल्क कोचिंग क्लास के लिए प्रवेश परीक्षा 21 को

**तेंदूकोना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में संकल्प निःशुल्क कोचिंग क्लास द्वारा कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्रयास परीक्षा 2026 की तैयारी अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराई जाएगी। कोचिंग में 40 सीट निर्धारित है। जिसके लिये रविवार 21 सितंबर को प्रातः10 बजे से 12 बजे तक प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा परिणाम की वरीयता के आधार पर 40 बच्चों का चयन प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थी 20 सितंबर शनिवार तक कोमल ध्रुवंशी, व संजय श्रीवास्तव से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते है।



### बिरकोनी स्कूल में लिया स्वच्छता के लिए शपथ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत प्रथम दिवस बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया। स्वच्छता प्रभारी व्याख्याता लक्ष्मण मानिकपुरी द्वारा सभी बच्चों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाया गया कि सभी अपने घर, विद्यालय और आसपास के स्थानों को हमेशा स्वच्छ रखेंगे। कचरा खुले में नहीं फेंकेंगे, कचरा निर्धारित स्थान (डस्टबिन) में ही डालेंगे, स्वच्छ जल का उपयोग करेंगे और जल संरक्षण करेंगे, प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे, और पुनः प्रयोग योग्य वस्तुओं का प्रयोग करेंगे, लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे, राष्ट्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता निर्मला कुजूर, कन्हैया लाल साहू, करुणा चंद्राकर, सीआर अग्रवाल, लता राजन, रागिनी चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, राम प्रसाद मोहंती, रिचा पांडे, मनहरण लाल भट्ट, निधि गुप्ता, वेदराम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, रेणुका चंद्राकर, सौरभ साहू, भानेंद्र बिसेन एवं बच्चे उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया निरीक्षण, सौंदर्यीकरण और पारदर्शिता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल फुलझर में गुरुवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे गार्डनिंग और सौंदर्यीकरण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की तथा अधिकारियों को गुणवत्ता में कोई समझौता न करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद संवाददाता के सवालों का जवाब देते हुए कलेक्टर लंगेह ने कहा कि फुलझर के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसे प्रदेश का एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर निरीक्षण किए जाएंगे, ताकि भ्रष्टाचार और लापरवाही पर अंकुश लग सके।

### अधीक्षिका को कई प्रभार दिए जाने पर सवाल

स्थानीय पत्रकारों ने खोकसा की अधीक्षिका गीता पटेल को एक साथ तीन पदों का प्रभार दिए जाने से अवगत कराया तो कलेक्टर ने हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें इस विषय में पहली बार जानकारी मिली है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इसकी जांच करवाई जाएगी और आवश्यक होने पर उचित कार्रवाई भी की जाएगी।



### टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का मामला

संवाददाता ने जब सर्वसमाज मंगल भवन के लिए 43.65 लाख की लागत से जारी टेंडर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए, जिसमें मात्र 2 घंटे 15 मिनट में टेंडर जारी कर बंद कर दिया गया, तो कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर गड़बड़ी पाई जाती है तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### स्थानीय लोगों में उम्मीद

कलेक्टर के निरीक्षण और स्पष्ट जवाबों से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि फुलझर का विकास अब गति पकड़ेगा और यह स्थल जल्द ही जिले का नहीं बल्कि प्रदेश का एक महत्वपूर्ण आकर्षण केंद्र बनेगा।

## मनमानी: सर्व समाज मंगल भवन निर्माण के लिए जारी हुई थी टेंडर प्रक्रिया

# सिर्फ दो घंटे 15 मिनट में 43.65 लाख की निविदा क्लोज, भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिला महासमुंद के ग्राम गढ़फुलझर में सर्व समाज के लिए स्वीकृत 43.65 लाख रुपये की राशि में टेंडर प्रक्रिया को लेकर भारी गड़बड़ी का आरोप सामने आया है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा के तहत इस राशि को ग्राम में मंगल भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया था, लेकिन इसकी निविदा प्रक्रिया मात्र दो घंटे 15 मिनट में पूरी कर दी गई, जिससे टेंडरिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं।

यह टेंडर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल (सीएचएजी हाउसिंग बोर्ड) के माध्यम से जारी किया गया था। निविदा क्रमांक 172819 के तहत ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किया गया, जिसमें बीड सबमिशन की शुरुआत 29 जुलाई 2025 को दोपहर 3:15 बजे हुई और अंतिम समय उसी दिन शाम 5:30 बजे तय किया गया। इस तरह टेंडर भरने के लिए केवल 2 घंटे 15 मिनट का समय दिया गया, जिससे यह संदेह जताया जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता का उल्लंघन किया गया और पहले से तय ठेकेदार को फायदा पहुंचाया गया।

जिले में 43.65 लाख की निविदा को लेकर उठे इस भ्रष्टाचार के आरोप ने राज्य सरकार के ई-गवर्नेंस और पारदर्शिता के दावों को कटघरे में ला खड़ा किया है। अब यह देखना होगा कि शासन और प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं, क्या दोषियों पर कार्रवाई होती है या मामला यूं ही दबा दिया जाता है! इस मामले में कार्यपालन अभियंता (ईई) नरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि मामले की जानकारी फिलहाल मुझे नहीं है। प्रकरण का अवलोकन करने के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

### ठेकेदार ने दर्ज की आपत्ति

दूसरे ठेकेदार ने इस प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज की है, लेकिन उसकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया। उसने दावा किया है कि इतनी कम अवधि में कोई भी नया आवेदक टेंडर फॉर्म डाउनलोड करके, दस्तावेज अपलोड कर, बीड सबमिट नहीं कर सकता। वहीं, जिसने टेंडर भरा, उसे ही काम दे दिया गया।



### चिप्स की भूमिका भी संदिग्ध

यह निविदा छत्तीसगढ़ सरकार की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित की गई थी, जिसका संचालन छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) करता है। ऐसे में शिकायतकर्ता ने चिप्स की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए संभावित मिलीभगत की आशंका जताई है।


### पीएम तक पहुंची शिकायत

इस टेंडर प्रक्रिया को लेकर भक्तचरण कोसरिया नामक शिकायतकर्ता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों ने जानबूझकर इस टेंडर को बेहद सीमित समय में जारी कर चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाया। उन्होंने इस प्रक्रिया को खुले भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया है और टेंडर निरस्त कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पहले भी हो चुका है ऐसा मामला

ऐसा ही एक मामला कुछ साल पहले जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएचई विभाग में भी सामने आया था, जिसमें टेंडर केवल 12 घंटे के भीतर खोलकर बंद कर दिया गया था और मनचाहे ठेकेदार को काम दे दिया गया था। अब गृह निर्माण मंडल में भी इसी तरह का मामला सामने आने से शासन की नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं।

# जुर्माने के चलते वाहन चालकों व मालिकों में मचा हडकंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

परिवहन जांच चौकी खम्हारपाली द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्रवाई अब काफी सख्त हो गई है। बीते दिनों बसों की जाxच की गई और अनियमितता पाये जाने पर कई बसों पर कार्रवाई भी की गई। इस दौरान विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए ओडिशा के 5 एवं छत्तीसगढ़ के 4 कुल बसों से 35600 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई के कारण वाहन चालकों और मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि उन्हें ओवरलोडिंग के चलते भारी जुर्माने का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ यह कार्रवाई विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। क्योंकि, इससे सड़क सुरक्षा पर सीधा असर पड़ता है। वही ओवरलोडिंग से वाहनों की रफ्तार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिससे सड़क हादसों की संभावना बढ़ जाती है।

- परिवहन जांच चौकी में ओवरलोडिंग वाहनों पर चलाया अभियान

### रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद में पंजीकृत आवेदकों के लिए रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 के पूर्व पंजीयन करवाने वाले आवेदक अपने रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक करा सकते हैं। इसके लिए आवेदक गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध सीजी रोजगार पोर्टल एप डाउनलोड कर सकते हैं।

## तुरेंगा में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**झलप।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा झलप मंडल के तत्वावधान में ग्राम तुरेंगा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिन मनाया गया। झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। जिसमें महामंत्री एवं झलप सरपंच राकेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच संघ जिलाध्यक्ष रूपलाल पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष डोमन यादव, मंडल मंत्री पोतदार सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि बलिराम चौधरी, तुरेंगा हाईस्कूल के अध्यक्ष यादराम पटेल, अजा मोर्चा के अध्यक्ष जगदीश चौहान, अजा मोर्चा उपाध्यक्ष पुरन मारकंडे, सुरेश प्रधान, बूथ अध्यक्ष राजू प्रधान एवं तुरेंगा के महिला समूह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी राकेश साहू एवं डोमन यादव अगवाई में हुआ।

# पचरी में धूमधाम से की गई विश्वकर्मा पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- सरपंच प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को अगले साल चबुतरा निर्माण का दिया आश्वासन

ग्राम पंचायत पचरी में विश्वकर्मा पूजा का पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के लिए भारी संख्या में प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

प्रतिमा की मंत्रोच्चारण के साथ पूजा की गई। पूजा अर्चना के दौरान ग्रामीणों का भीड़ लगी रही। भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा की देवताओं का वास्तुकार माना जाता हैं। उन्होंने स्वर्गलोक, सोने की लंका, द्वारका नगरी और कई दिव्य अस्त्र शस्त्रों का निर्माण किया था। इस दिन औजारों और मशीनों की पूजा करने से कार्य में सफलता, तरक्की और सुरक्षा प्राप्त होती है।

उसके बाद अपने उद्बोधन मे गांव के सरपंच प्रतिनिधि चूड़ामणि डडसेना ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगले साल विश्वकर्मा पूजा के लिए चबूतरा निर्माण कराऊंगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि चूड़ामणि डडसेना, गैंदराम जोशी, देवकुमार टंडन, पवन डडसेना, जनक डडसेना, लखन टंडन, सरजू निषाद, सोहन यादव, ईश्वर साहू, ओम प्रकाश साहू, लिलसाय साहू, चिलेश्वर निषाद, विजय सिन्हा, बिनकुमार, टीकाराम, सुनील, छोटू कुर्रे, देवा, हेमन्त, भगिरती, दीनानाथ, मंगल, तेजराम, विक्की, पिरित, गोलू, सुरेश, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस

**महासमुंद।** रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने एक सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने हिंदी की महत्ता और इसके महत्व को दर्शाया। छात्रों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और हिंदी के प्रति उनके प्रेम को प्रदर्शित किया। इसके अलावा, छात्रों ने प्रभावशाली भाषण भी प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने हिंदी की समृद्धि और इसके महत्व के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। छात्रों के भाषण ने हिंदी के प्रति उनकी समझ और जागरूकता को प्रदर्शित किया। सीसीए गतिविधि के तहत छात्रों को हाउस वाइज प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिसमें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया। इस आयोजन ने छात्रों को हिंदी के प्रति जागरूक करने और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।



विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिंदी दिवस के इस आयोजन ने छात्रों को हिंदी की महत्ता और इसके महत्व के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया और उन्हें हिंदी के प्रति और अधिक जागरूक बनाया। कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। गणित के डिजिटल शिक्षण में रुआन पिंचा कक्षा चतुर्थ और दिव्यांका प्रधान कक्षा आठवी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की और उन्हें हिंदी के प्रति और अधिक जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन ने विद्यालय में हिंदी के प्रति एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया और छात्रों को हिंदी के महत्व को समझने में मदद की। कार्यक्रम के अंत में, सभी छात्रों और शिक्षकों ने हिंदी दिवस के आयोजन की सफलता के लिए एक दूसरे को बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को आयोजित करने के लिए उत्सुकता व्यक्त की।

## पीएम मोदी के जन्मदिवस पर भाजपाइयों ने किया 75 यूनिट रक्तदान

**महासमुंद।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पचहत्तर यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजू सिन्हा, छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, राज्य महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पवन पटेल, जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, कार्यालय मंत्री नरेंद्र गिरी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, प्रकाश शर्मा, राजू चंद्राकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी जसराज चंद्राकर बाला, मनीष शर्मा, राहुल चंद्राकर, अमृत चोपड़ा, महेंद्र जैन, गोविंद ठाकुर, मनीष बंसल, हनीश बग्गा, शंकर चंद्राकर, रमेश साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, कौशल्या बंसल, शुभ्रा शर्मा, उत्तरा प्रहरे, उषा पाल, तेजेंद्र शर्मा, दिगेश्वरी चंद्राकर, दुबेलाल साहू, विकास चंद्राकर, ब्रह्मानंद पटेल, अमन वर्मा, दिनेश रूपरेला, देवेंद्र चंद्राकर, आनंद साहू, दुर्गा शंकर दुबे, राजा अग्रवाल, पप्पू ठाकुर, हिमांशु चंद्राकर, नंदू जलक्षत्री, पंकज चंद्राकर, भुनेश्वर लोधी, चुनेश्वरी साहू, पूनम निषाद, कामेश बंजारा, अरविंद मिश्रा, हीरा साहू, आयुष दुबे, खुशाल ठाकुर, जतिन रूपरेला, पूरन सबर, आकाश पांडे, अमित साहू, पीयूष साहू, रोशन बग्गा, अभिषेक पांडे, शरद राव मदनकार, कमल नारायण साहू, अंकुश सिंह गौर, गौरव राठी एवं अनेक भाजपा कार्यकर्ता व रक्तदाता उपस्थित रहे।



# मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, शामिल हुए अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी अंकित बागबाहरा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में वे भरूवामुड़ा, नवाडीह, दाबपाली में शामिल हुए।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अंकित बागबाहरा द्वारा अपने मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन में कहा कि सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा के पुत्र भगवान विश्वकर्मा ने रामायण काल के उड़नखटोला पुष्पक विमान, स्वर्गलोक, इंद्र लोग, स्वर्ण लंका, द्वारिकाधीश, हस्तिनापुर, शंकर के त्रिशूल, कृष्ण के चक्र, गांडीव आदि का निर्माण किया था, वैसे ही आज उनके वंशज के रूप में हमारे बीच राजमिस्त्री, बढ़ई, लोहार, मैकेनिक, पेंटर जैसे कई रूपों में मौजूद है।



अंकित के साथ मंगलू ठाकुर जनपद सदस्य, पार्वती नायक सरपंच, कृष्ण कुमार ठाकुर सरपंच, नाथु महानंद सरपंच, महेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, लोकेश पटेल पूर्व सरपंच, पीतांबर पटेल, मेघनाथ यादव, जागेश्वर ठाकुर, देवानंद साहू, विनोद मरकाम, जीवन नायक, डाकेश्वर यादव, सोमन पांडे, मुरारी निषाद, जोगन ध्रुव, धनेश्वर ठाकुर, तुलसी ठाकुर, गीता केवट, जीवर्धन पटेल, अनिल चंदेल, राजू यादव, सुनील ब्यौहार, अंकित पटेल, भारत ध्रुव, लखमन ध्रुव, चिरंजीव यादव, राम ध्रुव, देवलाल दीवान, नारायण पटेल, सुभाष राव, शोभाराम ठाकुर, सीआरपीएफ जवान भारत ध्रुव, भारत ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य, पप्पू पटेल, हेमंत ठाकुर, शेखर दुलेश्वर, सागर यादव, रामकृष्ण यादव, लोकेश साहू, घनश्याम, एस कुमार साहू, रामकिशन साहू आदि उपस्थित रहे।

